## महत्वपूर्ण एवं खास

### शेयर बाजार में पैसा लगाने के नाम पर 77.23 लाख की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** विधान सभा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक से अज्ञात फोनकर्ता ने शेयर बाजार में पैसा लगाने के नाम पर 77 लाख 23 हजार रूपए की धोखाधड़ी कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी अतुल बंसल पिता मनमोहन बंसल 35 वर्ष निवासी अविनाश कैपिटल होम्स सड्डू ने शिकायत दर्ज कराया कि घटना दिनांक 19 जनवरी को मोबाइल फोन क्रमांक 90015-13244 के धारक ने शेयर बाजार एवं इक्वीटी में पैसा लगाकर मोटा मुनाफा दिलाने के नाम पर प्रार्थी को अपने झांसे में लिया। इसके बाद आरोपी ने नगद और फोन पे के माध्यम से करीब 77 लाख 23 हजार रूपए लेकर गायब हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात फोनकर्ता के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

### भाठागांव चौक में अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा

**रायपुर (आरएनएस)।** पुरानीबस्ती थाना क्षेत्र के भाठागांव में एक युवक को पैदल जाते समय अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी विजय देवांगन पिता परसूराम देवांगन 45 वर्ष ने शिकायत दर्ज कराया कि मृतक पुष्कर देवांगन पिता बलवंत देवांगन 25 वर्ष निवासी हथनीपारा भाटापारा निवासी को अज्ञात वाहन चालक ने सपना पेट्रोल पंप के पास भाठागांव में कुचल दिया है। पुलिस ने मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

### सूने मकान से तीन मोबाइल के साथ 50 हजार का सामान पार

**रायपुर (आरएनएस)।** टिकरापारा थाना क्षेत्र के श्रद्धा विहार में अज्ञात चोर ने एक मकान से 3 मोबाइल फोन व कार की चाबी और एसेसरीज पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी अनुराग कर्ष पिता स्व. डीआर कर्ष निवासी श्रद्धा विहार कालोनी बोरियाखुर्द ने शिकायत दर्ज कराया कि घटना दिनांक 9 सितंबर को प्रार्थी के मकान से किसी अज्ञात चोर ने तीन नग मोबाइल फोन, कार की चाबी व एसोसिरीज आदि कुल कीमती करीब 50 हजार रूपए चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा

**कांकेर-रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम पुरियारा व करप के मध्य एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। हादसे के बाद नाराज ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर दिया। पुलिस ने किसी तरह ग्रामीणों को समझाईश देकर शांत कराया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हादसा रात करीब 10 बजे के आसपास हुआ है। मोटर साइकिल सवार मृतक अजय जैन व तुलसी कुंजाम सरोना से पटौद लौट रहे थे। इसी बीच ग्राम पुरियारा व करप के बीच विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इधर इस घटना से आहत व नाराज ग्रामीणों ने मार्ग में जाम कर वाहनों को रोक दिया। ग्रामीण सडक़ में ही दोनों युवकों का शव रखकर प्रदर्शन कर रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही यहां भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गई और किसी तरह ग्रामीणों को समझाईश देकर जाम खत्म कराया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंच ग्रामीणों से चर्चा की।

# इस बार घरों और पंडालों में विराजेंगे चन्द्रहासिनी समूह की दीदियों द्वारा निर्मित इकोफ्रेंडली गणपति

- आकर्षक रंगों और आकार में 2 सौ रूपये से 4 हजार रूपये तक विक्रय हेतु उपलब्ध
- रीपा से जुड़कर बदल रही जिंदगी



**रायपुर।** राज्य की महिला स्व सहायता समूहों ने अपने हुनर और मेहनत से एक नई पहचान बनाने में सफलता हासिल की है। चाहे एलईडी बल्ब का निर्माण हो, फेंसिंग तार जाली का निर्माण हो, फ्लाई ऐस ईंट या गोबर पेंट का निर्माण हो या खाद्य सामग्री का निर्माण हो, सब में उच्च गुणवत्ता और मानकों का ध्यान रखते हुए एक सफल उद्यमी के रूप में महिला स्व सहायता समूह अपना नाम दर्ज करा रहे हैं। हाल ही में रक्षाबंधन के अवसर पर महिला समूह ने कम कीमत पर आकर्षक राखियां बनाकर अपने हुनर से सबको परिचित कराया था।

इसी तारतम्य में अब जब गणेश चतुर्थी का त्यौहार आने वाला है तो ऐसे समय पर महासमुंद जिले में समूह की महिलाओं ने इसे एक अवसर के रूप में देखते हुए गणेश मूर्तियों का निर्माण किया है। महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क गोड़बहाल से जुड़कर मां चन्द्रहसिनी महिला समूह की दीदियां विभिन्न आकार और रंगो की आकर्षक गणेश मूर्ति का निर्माण कर रही हैं। ये महिला समूह पहले माटी कला कार्य से जुड़कर कार्य कर रही थीं। अब रीपा योजना के पश्चात इन्हें ज्यादा संसाधन और अवसर मिला।

महासमुंद जिले के पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत गोडबहाल गौठान से जुड़ी रीपा योजनांतर्गत चंद्रहासिनी स्व सहायता समूह की महिलाएं गणेश मूर्ति का निर्माण कर रही हैं। इस बार समूह की दीदियों द्वारा बनाए गए गणपति घरों और जगह जगह पंडालों में विराजेंगे।

समूह की अध्यक्ष नीरा निषाद ने बताया कि वे लगभग 500 गणेश मूर्तियों का निर्माण कर रही हैं। अभी पहली खेप बाजार में उतर गई है जिसे अच्छा प्रतिसाद मिला है। वह बताती है कि इस बार गणेश मूर्ति के बिकने से ही करीब 1 लाख रुपए आय होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि उनके पास विभिन्न आकार में 200 से लेकर 4000 रुपए तक का गणेश उपलब्ध है जो विभिन्न रंगों और आकर्षक तरीके से बनाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि रीपा योजना से जुड़ने के पहले सभी सदस्य खेतीहर मजदूरी व माटी कला से जुड़े कार्य करते थे। माटी कला कार्य के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं था तथा सतत आय का भी जरिया नहीं था। अब रीपा अंतर्गत अपनी रुचिकर और परंपरागत कार्य को करने में हमें खुशी के साथ साथ आत्मनिर्भरता का अनुभव होता है। उन्होंने बताया कि समूह में 10 महिलाएं हैं। रीपा योजना लागू होने के बाद चंद्रहासिनी स्व सहायता समूह द्वारा माटी कला का कार्य किया जा रहा है। बाजार व्यवस्था के रीपा एवं स्थानीय बाजार में माटीकला गतिविधि से प्रतिमाह लगभग 8 हजार रूपए की आमदनी हो जाती है। अब तक माटी कला कार्य से समूह को खर्च काटकर लगभग 3 लाख रुपए की आमदनी हो चुकी है। इस तरह समूह के सभी सदस्य गण माटी कला के कार्यों को अपना भविष्य मानकर राज्य शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## 30 लाख कैश के साथ रायपुर के 2 व्यक्ति गिरफ्तार, कार भी जब्त



**महासमुंद (आरएनएस)।** 30 लाख कैश के साथ रायपुर के 2 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक सिंघोडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अन्तर्राजीय चेक पोस्ट रेहटीखोल (छ0ग0 ओड़िसा बॉर्डर) के पास पुलिस पार्टी द्वारा संदिग्ध वाहनो की चेकिंग की जा रही थी तभी बरगढ़ ओडिसा की तरफ से एक सफेद रंग की मारूति सुजूकि वेगेनार क्रमांक ब्ळ 04 डब् 9573 तेज रफ्तार से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही थी। उक्त वाहन को चेक पोस्ट के पास रोका गया। कार में दो व्यक्ति बैठे मिले। जिससे पूछताछ करने पर ड्राईवर सीट पर बैठा व्यक्ति ने अपना नाम (01) शेख कासीम पिता शेख जिलानी उम्र 35 वर्ष साकिन पंजाब टायर के पीछे मौहदापारा रायपुर जिला रायपुर एवं बगल सिट पर बैठा व्यक्ति अपना नाम (02) आलोक कुमार अग्रवाल पिता प्रहल्लाद अग्रवाल उम्र 42 वर्ष साकिन मकान नंबर 575 वार्ड नंबर 37 राधा कृष्ण मंदीर के पास समता कालोनी रामसागर पारा थाना आजाद चौक रायपुर जिला रायपुर छ0ग0 का निवासी होना बताये। ड्रायवर सीट के बगल में बैठे व्यक्ति से पुछताछ करने पर बरगढ उडिसा तरफ से व्यवसाय के सिलसिले में बरगढ से रायपुर की ओर जाना बताये जिस पर वाहन की चेकिंग करने पर बगल में बैठे व्यक्ति आलोक कुमार अग्रवाल को सामने पैर के पास रखे झोले में क्या है पुछताछ करने पर थैले में नगदी रकम होना बताया। पुलिस टीम को सही तरीके से जवाब नही देने व जवाब गोलमोल व संतोषप्रद नही पाये जाने अलोक कुमार अग्रवाल से सामने पैर के पास रखे थैले को खुलवाकर चेक करने पर तथा उक्त थैले को बैठे हूये व्यक्ति से खुलवाकर चेक किये जिसमें 3080000 कैश रखे मिला। उक्त नगदी रकम के संबंध में पुछताछ करने पर संबलपुर उडिसा के गांव में धागा एवं रंग का कारोबार करना तथा दिये गये उक्त सामानो का रूपये इकट्ठा कर रायपुर ले जाना बताया जिस पर आलोक कुमार अग्रवाल को उक्त नगदी रकम के संबंध में नोटिस दिया गया जिसके द्वारा उक्त रूपये के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज नही होना बताया। दोनो व्यक्ति आचरण संदिग्ध था।

## वॉटरफॉल घूमने गई लडक़ी के साथ 2 युवकों ने किया गैंगरेप

- आरोपी को बिहार से दबोच लाई पुलिस

**जशपुर (आरएनएस)।** दनगरी वॉटरफॉल में बलरामपुर जिले की पीड़िता के साथ हुए गैंगरेप की घटना का मुख्य आरोपी सद्दाम खान कुसमी वाला पकड़ा गया है. जानकारी के अनुसार, आरोपी बिहार के बेगूसराय में छिपा हुआ था. जहां से उसे लेकर पुलिस की टीम बगीचा ला रही है.

दरअसल, घटना पंडरा पाठ पुलिस चौकी अंतर्गत दनगरी वाटरफॉल की है. जहां 4 सितंबर को पड़ोसी जिले बलरामपुर के शंकरगढ़ इलाके से पीड़िता अपने 2 परिचित युवकों के साथ मोटरसाइकिल से घूमने आई थी. इसी दौरान परिचित युवकों ने पीड़िता युवती के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया. पीड़िता के बयान के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ 376 डी का अपराध दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई.

इधर आदिवासी समाज इस घटना से आक्रोशित होकर आरोपियों को कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता बताकर उन्हें सत्ता के संरक्षण में बचाने का आरोप लगाने लगे. इस मामले को लेकर 2 दिन पहले जशपुर विधायक विनय भगत के निवास का भाजपाइयों ने घेराव भी किया.

## 2.52 लाख के नशीली कफ सिरप के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

- अवैध शराब, गांजा, प्रतिबंधित टेबलेट बेचने वाले हैं सक्रिय



**रायपुर (आरएनएस)।** टिकरापारा थाना पुलिस ने अपने क्षेत्र में नशे के सौदागरों के खिलाफ अभियान चलाया है। इस दौरान आरोपी इरफान खान पिता साहिद खान 44 वर्ष व अन्य दो लोगों को गिरफ्तार करते हुए आरोपियों के कब्जे से 2.52 लाख का नशीली कफ शीरप बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि क्षेत्र में कुछ लोग नशीली कफ शीरफ का इस्तेमाल नशा करने वाले लोगों को उपलब्ध करा रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने मुखबीरों का जाल बिछाया और पुख्ता सूचना के आधार पर रिज मेडिकल गली चौरसिया कालोनी में दबिश दी। यहां आरोपी इरफान खान अपने दो अन्य सहयोगियों के साथ नशीली कफ शीरफ के जखीरे के साथ पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 1440 बोतल कफ शीरफ प्रत्येक मे 100 एमएल अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 52 हजार रूपए बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक्स अधिनियम की धारा 21 सी के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों और जिला पंचायतों को 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा पर 562.50 करोड़ रुपए जारी

- टाइड ग्रांट के रूप में 337.50 करोड़ और अनटाइड ग्रांट के रूप में 225 करोड़ रुपए किए गए हैं जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं को 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा पर कुल 562 करोड़ 50 लाख रुपए जारी किए गए हैं। प्रदेश की ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों और जिला पंचायतों को इनमें से टाइड ग्रांट (बद्ध अनुदान) के रूप में 337 करोड़ 50 लाख रुपए और अनटाइड ग्रांट (अबद्ध अनुदान) के रूप में 225 करोड़ रूपए की राशि जारी की गई है। पंचायत संचालनालय द्वारा इस संबंध में राज्य के सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को परिपत्र जारी किया गया है।

15वें वित्त आयोग की अनुशंसा पर केन्द्रीय वित्त मंत्रालय और केन्द्रीय वित्त आयोग के निर्देशानुसार तथा राज्य शासन की सहमति से जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत के मध्य 10:15:75 के अनुपात में यह राशि वितरित की गई है। इसके अनुसार टाइड ग्रांट के रूप में जिला पंचायतों को कुल 33 करोड़ 75 लाख रुपए, जनपद पंचायतों को 50 करोड़ 62 लाख 50 हजार रुपए और ग्राम पंचायतों को 253 करोड़ 12 लाख 50 हजार रुपए का आबंटन सौंपा गया है।

वहीं अनटाइड ग्रांट के रूप में भी जिला पंचायतों, जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों के मध्य 10:15:75 के अनुपात में राशि आबंटित की गई हैं। अनटाइड ग्रांट के तौर पर जिला पंचायतों को कुल 22 करोड़ 50 लाख रुपए, जनपद पंचायतों को 33 करोड़ 75 लाख रुपए और ग्राम पंचायतों को 168 करोड़ 75 लाख रुपए का आबंटन सौंपा गया है। पंचायत संचालनालय ने सभी ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों और जिला पंचायतों के खातों में आबंटित राशि समय-सीमा में अंतरित करने के निर्देश जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिए हैं। साथ ही ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों और जिला पंचायतों के खाते में आंबटित राशि जमा करने संबंधी प्रमाण पत्र एवं ग्राम पंचायतवार आबंटित राशि की जानकारी पंचायत संचालनालय को अनिवार्यतः उपलब्ध कराने को कहा है।

## कांग्रेसियों ने रेलवे स्टेशन में किया जोरदार विरोध-प्रदर्शन



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में यात्री ट्रेनों को लगातार रद्द किए जाने तथा रेलवे को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी किए जाने का आरोप लगाते हुए आज कांग्रेसजनों ने रेलवे स्टेशन में जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे कांग्रेसजनों ने रेलवे स्टेशन पहुंचे। केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वे रेलवे स्टेशन में प्रवेश के दौरान कांग्रेसजनों का आरपीएफ तथा जीआरपी के साथ जमकर झूमाझटकी हुई।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में कोरोनाकाल के समय से रद्द की गई अधिकांश ट्रेनें पटरी पर लौट आई हैं। पिछले कुछ समय से रेलवे अपने आधुनीकरण पर विशेष ध्यान देते हुए ट्रेकों में इंटर लॉकिंग, ऑटोमेटिक सिग्रल प्रणाली, लाईन विस्तारीकरण का काम कर रहा है। इसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों को समय-समय पर रद्द कर दिया था। इसके अलावा डोंगरगढ़, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा से संचालित होने वाली कई लोकल और पैसेंजर ट्रेनों को भी रद्द कर दिया गया था। इससे आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। इसके अलावा भी रेलवे द्वारा समय-समय पर कई ट्रेनों को विभिन्न कारणों का हवाला देकर रद्द कर दिया जाता है। कांग्रेसजनों का आरोप है कि केन्द्र सरकार जानबूझकर ऐसा करा रही है। छत्तीसगढ़ में इस वर्ष विधानसभा का चुनाव होना है, इसे ध्यान में रखते हुए ही रेलवे द्वारा जानबूझकर ऐसा काम किया जाता है, जिससे आम जनता के मन में राज्य सरकार के खिलाफ गलत मैसेज जाए। इसके अलावा कांग्रेसजनों का आरोप है कि केन्द्र सरकार रेलवे जैसे जनसुविधा वाले विभाग को भी अब निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर रहा है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर आज कांग्रेसजनों ने रेलवे स्टेशन में जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया है।

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सेक्टर अधिकारियों को दी निर्वाचन कार्यों की जानकारी

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। डॉ. सिद्दीकी ने कहा कि मतदान की अवधि जिसमें मतदान दल की रवानगी और वापसी के दौरान निर्वाचन नियमावली के तहत ही सारे कार्य करना है। कोई भी कार्य नियमावली के बाहर नहीं किया जाना है। उन्होंने कहा कि 80 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों के इच्छा व्यक्त करने पर ही पोस्टल बैलेट (डाकमत) के आधार पर फार्म-12 डी भरना है।

मतदान पूर्व जिम्मेदारियां

कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने मतदान के पूर्व सेक्टर अधिकारियों की जिम्मेदारियों और कार्यों के बारे में बताया कि मतदान केन्द्रों के अक्षांश-देशान्तर का सत्यापन किया जाना है। नक्शे पर बने मार्ग का सत्यापन कर पता लगाना कि यह पहुंच योग्य मार्ग (साध्य) है। साथ ही कमियों, त्रुटियों (यदि कोई हो) के संबंध में प्रभारी अधिकारी को तत्काल सूचित करें। मतदान केन्द्र भवन की भौतिक स्थिति का जानकारी लेना और बुनियादी सुविधा जैसे-पेयजल, पहुंच मार्ग, विद्युत आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, रैम्प, टॉयलेट की उपलब्धता सुनिश्चित करना। नये मतदान केन्द्र (यदि कोई हो तो) का व्यापक प्रचार-प्रसार करना। कम्यूनिकेशन प्लान हेतु फोन, मोबाइल नंबर संग्रहित करना। मतदान केन्द्रों में संचार साधन (मोबाइल कनेक्टिविटी) पता करना। राजनैतिक दलों के ऐसे कार्यालयों का पता लगाना जो मतदान केन्द्रों से 200 मीटर परिधि में स्थित है। अनधिकृत चुनाव प्रचार, अनधिकृत वाहन जो चुनाव प्रचार में लगे हो, संपत्ति विरूपण, शासकीय भवनों, शासकीय वाहनों, एवं शासकीय सेवकों के दुरूपयोग पर आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के सभी संभव उल्लंघन पर नजर रखना। कलेक्टर ने कहा कि मतदान के पूर्व मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का प्रदर्शन करना है। मतदाता फोटो परिचय पत्र की तैयारी एवं वितरण की विशिष्ट जानकारी देना। मतदाताओं को अपना नाम और प्रविष्टियां (एन्ट्री) मतदाता सूची में चेक करने बीएलओ के माध्यम से सूचित करना है।

कलेक्टर ने कहा कि ऐसे संवेदनशील क्षेत्र, जहां मतदाताओं को कानून (विधि) विरूद्ध प्रभावित कर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया को बाधित किए जाने की आशंका हो ऐसे क्षेत्र को चिन्हांकित करना। मतदाताओं में स्वतंत्र तथा निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया पर विश्वास बढ़ाने सौंपे गए मतदान केन्द्रों के क्षेत्रों का बार-बार भ्रमण कर मतदाताअें से बातचीत करना। इससे वल्नरेबिलिटी (असुरक्षित क्षेत्रों की) मैपिंग में सहायता मिलेगी। वल्नरेबिलिटी मैपिंग के संबंध में आयोग के निर्देशों का अवलोकन किया जाए। ग्रामों, मुहल्लों, टोला, माजरा, पारा, वार्ड नई बस्ती एवं मतदाता खण्डों की पहचान करना जहां भय, धमकी की आशंका हो। ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना जो मतदान केन्द्र को संवेदनशील बनाते है, को सूचीबद्ध करना (यहां अभिप्राय संख्या से नही, नामों से है) तथा उनकी जानकारी निर्धारित प्रारूप में रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) या जिला निर्वाचन अधिकारी को गोपनीय रूप से देना। मतदाताओं के स्वतंत्र मतदान हेतु पहुंच सुनिश्चित करना।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.पी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU